# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–28 मार्च 2024** **सान्ध्य समाचार**

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए आज अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि दूसरे चरण में उत्तर प्रदेश की आठ सीटों पर चुनाव होगा। इसमें अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ और मथुरा शामिल हैं। इन आठ सीटों में सात सीटें सामान्य और बुलंदशहर की सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। इन सीटों पर उम्मीदवार चार अप्रैल तक अपना नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे और नामांकन पत्रों की जांच पांच अप्रैल को होगी। उम्मीदवार आठ अप्रैल तक अपने नाम वापस ले सकेंगे। इन सीटों के लिए मतदान छब्बीस अप्रैल को होगा।

दूसरे चरण की आठ लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में एक करोड़ सड़सठ लाख मतदाता हैं, जिनमें नब्बे लाख ग्यारह हजार पुरूष, सतहत्तर लाख अड़तीस हजार महिला और सात सौ सतासी थर्ड जेन्डर मतदाता हैं। इन निर्वाचन क्षेत्रों में कुल सात हजार सात सौ सत्तानबे मतदान केन्द्र तथा सत्रह हजार छह सौ सतहत्तर पोलिंग बूथ हैं।

**********

लोकसभा चुनाव में पहले चरण की नामांकन प्रक्रिया कल पूरी होने के बाद आज दाखिल किये गये नामांकन पत्रों की जांच की गयी। पहले चरण में प्रदेश के आठ लोकसभा क्षेत्रों सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना सुरक्षित, मुरादाबाद, रामपुर और पीलीभीत के लिये नामांकन पत्र दाखिल किये गये हैं। मुरादाबाद में वर्तमान सांसद एसटी हसन समेत पांच प्रत्याशियों के नामांकन पत्र जांच के बाद खारिज कर दिये गये हैं। उधर, रामपुर में आजम खान के करीबी माने जाने वाले आसीम राजा समेत बारह प्रत्याशियों के नामांकन पत्र निरस्त किये गये हैं।

**********

कल से लोकसभा चुनाव प्रचार में उतरे भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज मुजफ्फरनगर, शामली और सहारनपुर में प्रबुद्ध सम्मेलनों को संबोधित किया। इन सम्मेलनों मे उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार सत्ता में लाने के लिए प्रबुद्धजन को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। श्री योगी ने कहा कि एक वोट देश की तकदीर व तस्वीर को बदल सकता है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लोगों का वोट जब सही पार्टी के साथ गया तो यहां अराजकता समाप्त हुई, विकास को नई ऊंचाई मिली और आस्था को सम्मान भी मिला। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रबुद्ध वर्ग सम्मलेनों में उन्होंने कहा कि किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह जी को भारत रत्न मिला है। उन्हें यह सम्मान बहुत पहले मिलना चाहिए था, लेकिन किसान पिछली सरकारों के एजेंडे में नहीं था। चौधरी साहब को भारत रत्न मिलने से यूपी गौरवान्वित हुआ है।

**********

लोकसभा चुनाव दो हजार चौबीस में आदर्श चुनाव संहिता के प्रभावी अनुपालन के लिए निर्वाचन आयोग ने सी विजिल एप विकसित किया है। साथ ही इस एप को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारियों के माध्यम से व्यापक जागरूकता का कार्यक्रम भी शुरू किया गया है। गोरखपुर में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आचार संहिता के प्रभारी अधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने बताया कि इस एप के माध्यम से कोई भी व्यक्ति आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत कर सकता है। इसके लिए उसे मौके पर से ही वीडियो या फोटो एप पर अपलोड करनी होगी। शिकायत होते ही इसकी सूचना कंट्रोल रूप में पहुंच जाएगी। साथ ही शिकायतकर्ता के लोकशन की जानकारी भी हो जाएगी। निर्वाचन आयोग शिकायत प्राप्त होने के सौ मिनट के भीतर मामले का निस्तारण सुनिश्चित करेगा।

**********

लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिये प्रदेश भर में वृहद पैमाने पर मतदाता जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। भदोही में आज मुख्य विकास अधिकारी ने कम मतदान वाले कई बूथों पर अभियान चलाकर मतदाताओं को जागरूक किया। उन्होंने बाहर रहने वाले मतदाताओं से दूरभाष पर वार्ता की और मतदान की तिथि पर उनसे बूथ पर उपस्थित रहने का अनुरोध किया। जौनपुर जिले में जिला निर्वाचन अधिकारी रविन्द्र कुमार ने मतदाता जागरूकता अभियान के तहत महिला स्कूटी रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

**********

अयोध्या में प्रभु रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद आगामी माह होने वाले रामनवमी महापर्व को धूमधाम से मनाने की तैयारियां जोर–शोर से चल रहीं हैं। इस बीच, प्रदेश के पुलिस महानिदेशक प्रशान्त कुमार ने आज अयोध्या पहुंच कर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। पुलिस महानिदेशक ने अपने अधिनस्थ अधिकारियों को श्रद्धालुओं की सुरक्षा व सुविधा को लेकर जरूरी निर्देश भी दिये।

**********

होली के कारण इस वर्ष विश्व क्षय रोग दिवस चौबीस मार्च को न मना कर आज मनाया गया। इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न जिलों में स्वास्थ्य विभाग की तरफ से कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। गोरखपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में टीबी चैम्पियन को सम्मानित किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आशुतोष कुमार दुबे ने बताया कि गोरखपुर में इस समय आठ हजार दो सौ सत्तावन ड्रग सेंसिटिव टीबी

मरीजों का इलाज चल रहा है। वाराणसी में विश्व क्षय रोग दिवस पर एसएसपीजी चिकित्सालय में तीस क्षय रोगियों को प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक और जिला क्षय रोग अधिकारी की तरफ से पोषण पोटली प्रदान की गयी।

**********